# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 7 अप्रैल, 2015/17 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 18**

----

### धनराशि का आबंटन

883 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जिला चम्बा में BRGF, BASP and other funds के अन्तर्गत कितनी योजनाओं को कितना-कितना धन उपलब्ध करवाया गया; विवरण चुनाव क्षेत्रवार दें?

----

### भूमि कटाव की रोकथाम

884 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा प्रदेश में भूमि कटाव को रोकने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि गत दो वर्षों में थाल्ली पंचायत के मदकुआ गांव के पास भूमि का कटाव हो रहा है जिससे स्थानीय जंगल व प्राथमिक पाठशाला को नुकसान होने का खतरा हो गया है; यदि हां, तो सरकार इस भूमि कटाव को जनहित में रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## भूमि कटाव हेतु रोकथाम

885 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सत्य है की जनवास पंचायत में भूमि कटाव के कारण गांव जनवास को बहुत खतरा हो चुका है; क्या सरकार लोगों को इस गांव के संभावित खतरे को देखते हुए यहां से कहीं और बसाने का विचार रखती है; जनहित में ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इस गांव के खतरे को देखते हुए प्रशासन को उचित दिशा-निर्देश देंगे; आगामी बरसात से पहले जनहित में ब्यौरा देने की कृपा करें ?

----

## ट्रैक्टर हेतु अनुदान

886 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में इन्दौरा विकास खण्ड के अन्तर्गत कितने किसानों को कुंआ (शैलो वैल) वोर वैल, बगीचा लगाने व ट्रैक्टर लेने हेतु सब्सिडी दी गई; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## पंजीकृत स्पोर्ट्स क्लब

887 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में शिमला शहर में कितने Sports Club पंजीकृत हैं तथा कितने पंजीकृत न होने पर भी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां चला रहे हैं;

(ख) कितने ऐसे क्लब हैं जिनके अपने भवन हैं तथा कितने सरकारी या गैर-सरकारी भवनों में चल रहे हैं; पंजीकृत क्लबों की सूची सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार गैर-पंजीकृत क्लबों के विरूद्ध क्या कार्रवाई कर रही है ?

----

## करूणामूलक आधार पर रोज़गार

888 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में पुलिस विभाग में करूणामूलक आधार पर रोज़गार प्रदान करने हेतु कितने आवेदन लम्बित हैं;

(ख) इनमें से कांस्टेबल के पद हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए; और

(ग) सरकार इन्हें कब तक रोज़गार देने का विचार रखती है ?

----

## सीमेंट उद्योग

889 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुल्ली अम्बुजा सीमेंट उद्योग स्थापित करने के लिए किस-किस की भूमि अधिग्रहण की गई व उनको कितना-कितना मुआवज़ा दिया गया; ब्यौरा दें ?

----

## LOI जारी करना

890 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में उद्योग विभाग ने कितने Lease (पट्टों) को LOI (Letter of Intent) जारी किए हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## लांजनी-नरघोटा सड़क

891 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत लांजनी से नरघोटा सड़क किस वर्ष विधायक प्राथमिकता में डाली गई; और

(ख) इसकी डी0पी0आर0 कब बनी और क्या इसकी वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत क्लीयरेंस हो चुकी है और वर्तमान में इस सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मनरेगा कार्य पर रोक

892 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा में कार्य कर रहे व्यक्तियों को किए गए कार्य की अदायगी कर दी गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

## सड़क निर्माण

893 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सेगली, रूढ़ू, डिनक भ्यारटा, कनैड, डिनक वाया रामपुर व तमरोह, चौंतड़ा छलकी, डडोह, ढावन स्यांह सड़कों को कब-कब विधायक प्राथमिकता में सम्मिलित किया गया; और

(ख) इन सड़कों का कितना-कितना कार्य पूर्ण हो चुका है ?

----

## अध्यक्षों/उपाध्यक्षों को सुविधा

894 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न बोर्डों व निगमों में कितने चेयरमैन, वाईस चेयरमैन हैं; ब्यौरा नाम व विभाग सहित दें;

(ख) चेयरमैन और वाईस चेयरमैन का वेतन प्रतिमाह कितना है;

(ग) एक महीने में एक चेयरमैन/वाईस चेयरमैन के TA/DA, ड्राईवर, स्टाफ, गाड़ी आदि पर कितना खर्च आता है; ब्यौरा दें; और

(घ) इनको लाल बत्ती या ऐम्बर बत्ती दी गई है; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## भूस्खलन

895 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 21-कुल्लू मनाली के मध्य कितने स्थानों पर भूस्खलन हुआ और पत्थर व मिट्टी गिरती रहती है; ब्यौरा ग्राम पंचायतवार दें;

(ख) इनमें से कितने स्थान संवेदनशील हैं;

(ग) गत एक वर्ष में किस-किस स्थान पर क्या-क्या नुकसान हुआ है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार ने इससे बचाव के लिए क्या योजना बनाई है ?

----

## बस अड्डे का निर्माण

896 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि मनाली में बस अड्डा बनाया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके लिए भूमि हस्तांतरित कर दी गई है और वन विभाग एवं पर्यावरण की स्वीकृति मिल चुकी है; और

(ग) इसका नक्शा, अनुमानित लागत और इसमें क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, ब्यौरा दें ?

----

## पतलीकूहल में बस टर्मिनल

897 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पतलीकूहल में बस टर्मिनल बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने भूमि हस्तांतरित करने हेतु क्या पग उठाए हैं; और

(ग) इसके लिए कितनी भूमि का प्रावधान किया गया और क्या-क्या सुविधाएं दी जानी प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें ?

----

## एफ0 सी0 ए0 के कारण लम्बित सड़क

898 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी)** :
**श्री कृष्ण लाल ठाकुर (नालागढ़)** :
**श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश की कितनी सड़कों का निर्माण F.C.A. की Clearance न मिलने के कारण लम्बित है; ब्यौरा प्रत्येक चुनाव क्षेत्र का जिलावार दें?

----

## ठेकेदारों को कार्य का आबंटन

899 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में जोगिन्द्रनगर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल जोगिन्द्रनगर व उप-मण्डल लड़भड़ोल में कितनी DNIT (Draft Notice Inviting Tender) विभाग द्वारा जारी की गई; और

(ख) ब्यौरा ठेकेदारों के नाम का मण्डल/उप-मण्डलवार आबंटित धनराशि सहित दें ?

----

## रिक्त पदों को भरना

900 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सरस्वती नगर में प्रवक्ताओं/प्राचार्य व गैर-अध्यापन कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और उनमें से कितने रिक्त हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

**शिमला: 171004.** | **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 21 मार्च, 2015.** | **सचिव।**